सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-400
18/09/2016

मुख्यमंत्री ने गोपालगंज में बाढ़, कटाव एवं सुखाड़ की स्थिति की समीक्षा बैठक की

पटना 18 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वाह्न में गोपालगंज में बाढ़ से कटाव की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण किया। हवाई सर्वेक्षण के उपरान्त संध्या में जिला अतिथिगृह गोपालगंज में राज्य के आला अधिकारियों तथा गोपालगंज के वरीय अधिकारियों के साथ बाढ़, कटाव एवं सुखाड़ की स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी गोपालगंज ने बताया कि गोपालगंज में बाढ़ प्रभावित पंचायतों की संख्या 26 है और प्रभावित गॉवों की संख्या 44 है। बाढ़ से कुल 53,730 लोग प्रभावित हुये हैं और मृतकों की संख्या चार है। बाढ़ के दौरान आपदा प्रबंधन के मानक के अनुसार सभी कार्रवाई सुनिश्चित की गयी है। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित 12,279 परिवारों में से 9,210 परिवारों को अनुग्रह अनुदान की राशि वितरित कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3,079 परिवारों को अभी भी अनुग्रह अनुदान नहीं दिया गया है, उन्होंने उक्त सभी परिवारों को इस सप्ताह के अंत तक अनुग्रह अनुदान लाभार्थी के खाते में भेजने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अनुग्रह अनुदान की वितरित राशि का उपयोगिता प्रमाण शीघ्र भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम वर्षापात वाले इलाके में फसल आच्छादन को एंड्रॉयड आधारित प्रणाली से सत्यापन कराया जाय क्योंकि सांख्यिकी आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत आवश्यक है। पिछले ग्यारह साल में दो सालों को छोड़कर वर्षा सामान्य से कम हुयी है। इस ट्रेंड को एनालाइज करके कृषि प्रक्षेत्र के लिये एक नई नीति बनानी होगी। इसके लिये हमलोगों को दीर्घकालीन सोंच विकसित करनी होगी। जहॉ वर्षापात का हरास हुआ है, वहॉ गहन अध्ययन करना होगा। अगर इसे चुनौती के रूप में लेकर कार्य किया जाय तो भविष्य की नीति बनाने में सहुलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन प्रखण्डों में वर्षापात में कमी आयी है, वहॉ नहरों के माध्यम से अंतिम छोर तक पानी पहुॅचाने का प्रयास किया जाय और जितनी दूर तक सिंचाई पहुॅचा सकते हैं पहुॅचायें और उसके पश्चात बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। डीजल सबसिडी का वितरण सुनिश्चित कराया जाय। डीजल सबसिडी के वितरण में आवेदन प्राप्त करने के लिये उसकी माइकिंग करायी जाय और व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे नियमित अनुश्रवण करें कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो रही है और साथ ही डीजल सबसिडी किसानों को मिल रही है ताकि निजी नलकूप के जरिये किसान अपनी फसल बचा सके।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में कहा कि अब पानी घट रहा है तो कटाव की भी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसके लिये की गई तैयारी की भी उन्होंने समीक्षा की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि गंडक नदी में पानी धीरे–धीरे घट रहा है और ऐसी स्थिति में आज की तिथि में कटाव की संभावना छिन्न है।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, कला, संस्कृति सह प्रभारी मंत्री श्री शिवचन्द्र राम, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव मंत्रिमण्डल समन्वय सह प्रभारी सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, आयुक्त सारण प्रमण्डल श्री नर्मदेश्वर लाल, आई0जी0

तिरहुत प्रक्षेत्र श्री सुनील कुमार, जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख, डी0आई0जी0 सारण प्रमण्डल श्री अजीत कुमार, जिलाधिकारी गोपालगंज श्री राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक गोपालगंज श्री रविरंजन कुमार सहित जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

******